आईडीए रेडिसन चौराहे पर बनाएगा फ्लायओवर ब्रिज

मेट्रो के साइड से ब्रिज बनाने का प्रस्ताव पारित

वीरेन्द्र वर्मा

इंदौर. आईडीए शहर में 10वें फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण का प्रस्ताव पारित कर रहा है. इसके पहले आईडीए शहर को 7 फ्लाई ओवर ब्रिज की सौगात दे चुका है. खास बात यह है कि शहर के पहले डबल डेकर ब्रिज का काम अंतिम चरण में हैं और रोबोट चौराहे पर टेंडर जारी होने वाले हैं. इस बीच आईडीए शहर में एक ओर फ्लाई ओवर ब्रिज का प्रस्ताव लेकर तैयारी में जुटा है, जिसकी पहली मंजूरी पूर्व संभागायुक्त देकर गए हैं.

इंदौर विकास प्राधिकरण शहर में विकास और जन सुविधा देने का सबसे तेज और स्थाई माध्यम बन चुका है. पिछले साल एक साथ पूर्वी रिंग रोड़ खजराना, बीआरटीएस भंवरकुआ, पश्चिमी रिंग रोड़ फूटी कोठी और एमआर-10, लवकुश चौराहे पर चार फ्लाई ओवर ब्रिज की सौगात दी थी, जिससे शहर के यातायात को सुचारू संचालन में भारी राहत मिली है. वहीं, आईडीए ने शहर में जूनी इंदौर, माणिक बाग ओर केशर बाग पर भी रेलवे ओवर ब्रिज बनाकर शहर की जनता को यातायात जाम से निजात दिलाई है. पूर्वी रिंग रोड़ पर स्थित रोबोट चौराहे पर यातायात जाम की स्थित को लेकर पिछले महीने ही ने केवल 460 मीटर लंबे फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण करने का स्वीकृति दी है, बल्कि टेंडर लगाने की प्रक्रिया जारी है. इसके बाद आईडीए ने भविष्य के यातायात दबाव को देखते हुए रेडिसन चौराहे पर फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण का निर्णय लिया है और इसका पर संभागायुक्त डॉ सुदामा खाड़े ने प्रेजेंटेशन देखने के बाद मंजूरी भी दे दी है. अब आईडीए द्वारा अपने 10 वें फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति के लिए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखेगा. इसके पूर्व संभागायुक्त ने यूकेजी प्रस्ताव को पारित करने पर सहमति दे दी है.



ऐसे बनेगा ब्रिज

- लंबाई 596 मीटर
- चौड़ाई फोर लेन
- लागत 50 करोड़ रुपए (संभावित)
- निर्माण अवधि 18 माह (वर्क ऑर्डर जारी होने की दिनांक से)

ओवर ब्रिज से फायदा

उक्त फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण होने के बाद शहर माफ प्रवेश को लेकर यातायात जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा. दूसरा बायपास से शहर में इंट्री होने के बाद विजय नगर से एमआर-10 ब्रिज से उज्जैन लव कुश चौराहे पर एवं सुपर कॉरिडोर होते हुए बाहर ही राष्ट्रीय राजमार्ग तक यातायात सीधा और सुगम हो जाएगा.

एक लाख घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य

- यातायात सुधार आम जनता में सैंस विकसित होने पर ही
- महापौर ने अपने चार साल के कार्यकाल की दी जानकारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में एक लाख घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का लक्ष्य है. अभी 35 हजार लोगों को नोटिस जारी किए हैं. यातायात सुधार के लिए जनता में नियमों और सुधार की भावना विकसित करना होगी, तब हो शहर का ट्रैफ़िक सुधरेगा. सौर ऊर्जा के क्षेत्र में करीब 32 सौ घरों पर सोलर सिस्टम लगे है, जिससे सौ मेगावाट बिजली पैदा हो रही हैं. शहर में ग्रीन एनर्जी के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ गई है. साथ निगम ने करीब सवा लाख स्ट्रीट लाइट को डिजिटल ऑपरेट किया करने की व्यवस्था कर दी है, जिनको कभी भी बंद और चालू किया जा सकता है.

उक्त जानकारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज प्रेस वार्ता के दौरान दी है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज अपने कार्यकाल के चार साल पूरे कर रहे हैं. इसी को लेकर कल उन्होंने पत्रकारों के साथ अपने काम और विकास कार्यों की बानगी रखी. वहीं कुछ काम शुरू नहीं होने का बेबाकी से स्वीकारोक्ति भी दी. महापौर ने बताया कि 29 गांव शामिल होने के बाद शहर के 274 वर्ग किलोमीटर का एरिया बन गया है. पानी के लिए जलूद 16 सौ एमएलडी का इंटकवेल, 450 एमएलडी की नई लाइन डालने की तैयारी है. उक्त कार्य के लिए नगर निगम जल्दी ही ब्लू बॉन्ड जारी करेगा. शहर में सभी विभागों के द्वारा आवागमन के लिए 22 फ्लाई ओवर की सौगात दी. कई फ्लायओवर एक साथ बन रहे है. आने वाले समय में भविष्य की दृष्टि से इंदौर शहर की अलग तस्वीर दिखेगी. उन्होंने बताया कि सीवरेज सिस्टम के 325 एमएलडी एसटीपी प्लांट का काम शुरू कर दिया है. एसटीपी प्लांट से शहर के ड्रेनेज सिस्टम ट्रीटेड वॉटर की डबल क्षमता हो जाएगी. ड्रेनेज का डिपॉजिट वर्क कर दिया है. शहर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम शुरू होने के बाद सौर ऊर्जा के 32 सौ से ज्यादा घरों में नागरिकों ने सोलर पैनल लगाए हैं, जिससे 100 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है. शहर की 1.10 लाख स्ट्रीट लाइट को डिजिटल ऑपरेट सिस्टम से जोड़ दिया है. अब स्ट्रीट लाइट कभी भी बंद और चालू की जा सकती है. साथ ही अगले कुछ महीनों में पुरानी 25 हजार एलईडी लाइट बदल दी जाएगी. महापौर भार्गव ने शहर में नेहरू स्टेडियम को आधुनिक स्टेडियम में तब्दील करने की योजना में आर्थिक कमी के चलते काम शुरू नहीं होने और स्ट्रीट डॉग की समस्या हल नहीं कर पाने की बात भी स्वीकारी. शहर में एक जीरो वेस्ट सड़क भी बनाई जा रही है, जो सफाई अभियान का हिस्सा होगी. नर्मदा चौथा चरण में 40 पानी की टंकी निर्माण की शुरुआत और 6 सौ नई कॉलोनियों में नर्मदा लाइन डालना इस साल की प्राथमिकता में है. उन्होंने कहा कि अटल जी की पुण्यतिथि पर शहर में कई सड़कों का लोकार्पण, भूमिपूजन और कई विकास के कार्यों की शुरुआत का जाएगी. प्रेस वार्ता के दौरान महापौर भार्गव और मालिनी गौड़ समर्थक के बीच गुजबाजी फिर से जाहिर हो गई. आज चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर गौड़ समर्थक एमआईसी सदस्य प्रिया डांगी और राजेश जैन दोनों नहीं आए.

चार साल महापौर का निर्विवाद कार्यकाल

आज शहर के प्रथम नागरिक महापौर पुष्यमित्र भार्गव के चार साल का कार्यकाल पूरा हो गया. शहर में भार्गव और उनके समर्थकों की एक बहुत ही संवेदनशील और सकारात्मक बात यह रही कि शहर में किसी भी जमीन, दुकान, मकान और बिल्डिंग कब्जे तथा पार्टनरशिप के विवादित मामले में शामिल नहीं हुए. ऐसे सभी मामलों से उन्होंने एवं उनके सभी समर्थकों ने दूरी बना कर रखी. प्रेसवार्ता में पिछले चार सालों में भार्गव की सबसे ज्यादा शहर में राजनीतिक ,प्रशासनिक और पुलिस विभाग के हलकों में इस बात की चर्चा भी होती रही कि वे निर्विवाद महापौर है. उन्होंने कभी उल्टे कार्यकलापों का हिस्सा बनना उचित नहीं समझा. यही बात उनके समर्थकों ने भी विशेष रूप से ध्यान में रखी. इस बात की चर्चा उनकी सकारात्मक छवि पर दिखाई भी देती है. कहा जा सकता है कि वे अभी तक पिछले चार सालों में शहर सबसे शरीफ महापौर सिद्ध हुए है. जनता के साफ स्वच्छ छवि वाले नेता बनकर उभरे हैं.

शहर में दो नए बायो सीएनजी प्लांट

नगर निगम शहर में कैट चौराहे और पितृ पर्वत पर दो नए गीले कचरे के प्लांट लगाएगा. दोनों कचरा प्लांट की क्षमता दो-दो टन गीले कचरे की होगी, जिससे बायो सीएनजी गैस का उत्पादन होगा. दोनों प्लांट अगले छह महीने में लग जाएंगे. प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल ने दी.

यूनिफाइड पोर्टल का लोकार्पण संभवत: 16 को

नगर निगम द्वारा स्वयं का यूनिफाइड पोर्टल तैयार किया गया है. उक्त पोर्टल में निगम संपत्ति कर, जल कर, कचरा शुल्क, लाइसेंस सहित विभिन्न करों का डेटा रहेगा. उक्त पोर्टल पर सभी करदाताओं की जानकारी अपलोड करने का काम अंतिम चरण में है. संभवत: आगामी 16 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लोकार्पण करने की संभावना है.

एक नजर में

फिलेटली एवं न्यूमिस्मैटिक केन्द्र का शुभारंभ

इंदौर . शहर के पहले फिलेटली एवं न्यूमिस्मैटिक केन्द्र का शुभारंभ सिल्वर माल में संपन्न हुआ. इस अवसर पर भारतीय डाक टिकटों, प्राचीन सिक्कों तथा दुर्लभ मुद्राओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई. मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध योगाचार्य रेखा सोनी ने कहा कि डाक टिकट (फिलेटली) और सिक्कों व मुद्रा संग्रह (न्यूमिस्मैटिक) का शौक केवल संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इतिहास, संस्कृति और विरासत को जानने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है . फिलेटलीस्ट डॉ . रवीन्द्र नारायण पहलवान ने फिलेटली और न्यूमिस्मैटिक के इतिहास पर अहम जानकारी दी . केन्द्र अध्यक्ष फिलेटलीस्ट लक्ष्मीकांत जैन ने बताया कि इन्दौर में मुद्रा संग्रह का यह पहला केन्द्र है जहां पर फिलेटली और न्यूमिस्मैटिक सामग्री संग्रह में रुचि रखने वालों के लिए उपलब्ध रहेंगी . इस अवसर पर फिलेटलीस्ट राजेश शाह, जयंत डोसी, डॉ . मेजर गुप्ता, शिवम चतुर्वेदी, सुशील सुरेखा, गिरीश शर्मा, सहित कई फिलेटलीस्ट सदस्य उपस्थित थे .

एचडीएफसी बैंक ने सेविंग्स अकाउंट की पेशकश का दायरा बढ़ाया

इंदौर . एचडीएफसी बैंक ने दो नए सेविंग्स अकाउंट वेरिएंट, 'मैक्स फॉर सीनियर्स' और 'मैक्स फॉर हर' लॉन्च किए हैं . ये अकाउंट क्रमश: सीनियर सिटिज़न्स (बुज़ुर्गों) और महिलाओं के लिए खास तौर पर तैयार किए गए कई तरह के फ़ायदे देते हैं . ये खास प्रोडक्ट वेरिएंट बैंक के मशहूर 'सेविंग्स मैक्स अकाउंट' के तहत पेश किए जा रहे हैं, जो एंट्री-लेवल सेविंग्स अकाउंट्स में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले अकाउंट्स में से एक है . 'मैक्स फॉर सीनियर्स' और 'मैक्स फॉर हर' को इन कस्टमर ग्रुप की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है . एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड ब्रांच बैंकिंग, पेमेंट्स, ट्रेज़री, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, मार्केटिंग, वर्चुअल चैनल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर आशीष पार्थसारथी ने कहा जैसे-जैसे जीवनशैली बदल रही है और ग्राहकों की उम्मीदें बदल रही हैं . बैंक अलग-अलग तरह के ग्राहकों की खास ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कस्टमाइज्ड और बेहतरीन बैंकिंग अनुभव देने पर ध्यान दे रहा है .

बोल्ट 25 अगस्त को लॉन्च करेगा इवो और एस 5जी स्मार्टफोन

इंदौर . बोल्ट जो कि फायर-बोल्ट का होमग्रोन स्मार्टफोन ब्रांड है ने अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन्स — इवो और ऐस 5 जी के आगामी लॉन्च की आधिकारिक घोषणा की है, जो कि 25 अगस्त, 2026 को लॉन्च किए जाएंगे . ब्रांड ने फ्रीडम सेल 2026 के लिए फ्लिपकार्ट के साथ टाइटल स्पॉन्सर के रूप में अपनी रणनीतिक साझेदारी का भी खुलासा किया . हालाँकि, इन स्मार्टफोन्स की आधिकारिक लॉन्चिंग इस महीने के आखिर में होगी, लेकिन बोल्ट इस स्पॉन्सरशिप के जरिए प्रोडक्ट लॉन्च से पहले ही देशभर में मजबूत जागरूकता और ब्रांड पहचान बनाना चाहता है . अपनी व्यापक मार्केट-एंट्री रणनीति के तहत, यह स्पॉन्सरशिप डिवाइस लॉन्च से पहले मेट्रो शहरों के साथ-साथ टियर 2 और टियर 3 बाजारों में लाखों उपभोक्ताओं तक पहुंचने के लिए एक हाई-इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म का काम करेगी . फ्रीडम सेल 2026, 7 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगी . स्मार्टफोन्स से सम्बंधित कीमत, फुल स्पेसिफिकेशन्स और देशभर में उपलब्धता से जुड़ी अधिक जानकारी लॉन्च के क़रीब साझा की जाएगी .

ब्रिजस्टोन इंडिया ने 30 साल के सफर का मनाया जश्न

नई दिल्ली . जापान के ब्रिजस्टोन कॉरपोरेशन की ग्रुप कंपनी ब्रिजस्टोन इंडिया ने 30 साल पहले भारत में परिचालन की शुरुआत की थी . ब्रिजस्टोन कॉरपोरेशन ने अपनी स्थापना के समय से ही विदेश में अपने कारोबार को विस्तार देने पर फोकस किया है . आज के समय में कंपनी दुनियाभर के 150 से ज्यादा देशों में हाई-क्वालिटी प्रोडक्ट सप्लाई कर रही है . ब्रिजस्टोन इंडिया ने नई दिल्ली में प्रमुख भागीदारों के साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया . इसमें कंपनी ने अपने उन पार्टनर्स के योगदान को सम्मानित किया, जिनका सहयोग कंपनी के विकास के सफर में महत्वपूर्ण रहा है . इस आयोजन में एंबेसडर एक्स्ट्राऑर्डिनरी एंड प्लेनिपोटेंशियरी टु इंडिया एंड द किंगडम ऑफ भूटान (भारत एवं भूटान में जापान के असाधारण एवं पूर्णाधिकार प्राप्त राजदूत) महामहिम ओनो केइची मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे . इस कार्यक्रम में वैश्विक स्तर पर अग्रणी ऑटोमोटिव मैन्यूफैक्चरर्स, सप्लायर पार्टनर्स, इंडस्ट्री लीडर्स और प्रतिष्ठित सरकारी प्रतिनिधि एक मंच पर आए .

अमेज़न पे के साथ ग्रेट फ्रीडम सेल पर ढेरों ऑफर्स

इंदौर . अमेज़न पे ने आज ग्रेट फ्रीडम सेल 2026 (7 से 12 अगस्त) के दौरान खरीदारी, यात्रा और रोजमर्रा के भुगतान के लिए कई विशेष ऑफर्स की घोषणा की है . इन ऑफर्स का उद्देश्य ग्राहकों को अमेजन .इन पर खरीदारी के दौरान ज्यादा बचत के साथ आसान और किफायती भुगतान विकल्प उपलब्ध कराना है . इस सेल के दौरान अमेज़न पे के जरिए ग्राहकों को फ्लाइट बुकिंग पर 21% तक की छूट, होटल बुकिंग पर 60% तक की बचत, अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर 5% कैशबैक, पे-इन-3 के माध्यम से 1,500 रुपये से अधिक की खरीदारी पर बिना ब्याज तीन किस्तों में भुगतान और यूपीआई व मोबाइल रिचार्ज पर कैशबैक का लाभ मिलेगा . ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान ग्राहक यात्रा बुकिंग पर 21% तक की बचत कर सकेंगे . अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर न तो जॉइनिंग फीस है और न ही वार्षिक शुल्क । ग्रेट फ्रीडम सेल के दौरान इस कार्ड से खरीदारी करने पर ग्राहकों को हर खरीद पर 5% अनलिमिटेड कैशबैक मिलेगा .

इंदौर-दाहोद रेल परियोजना : सुरंग निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

लाइनिंग पूरी, ट्रैक बिछाने का काम जारी

नवभारत न्यूज़

इंदौर. इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के तहत सुरंग निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अनुसार, 2957 मीटर लंबी सुरंग की लाइनिंग का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि सुरंग के भीतर बैलास्टलेस ट्रैक और अन्य सिविल कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार प्रगति पर हैं.

रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अब तक 1216 मीटर बैलास्टलेस ट्रैक बिछाया जा चुका है. इसके अलावा 1470 मीटर पीसीसी फाइनल लेयर और 2007 मीटर पीसीसी फर्स्ट लेयर का निर्माण पूरा हो चुका है. वर्तमान में 810 मीटर बैलास्टलेस ट्रैक और 740 मीटर पीसीसी निर्माण कार्य जारी है. परियोजना के तहत सुरंग में ड्रेनेज सिस्टम, कट एंड कवर सेक्शन की लाइनिंग, रिफ्यूज निच, रेस्क्यू शाफ्ट, वेंटिलेशन डक्ट तथा एक्जॉस्ट फैन लगाने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सुरक्षित रेल संचालन और आपातकालीन राहत व्यवस्था सुनिश्चित हो सके. रेलवे अधिकारी के अनुसार, शेष ड्रेनेज, बैकफिलिंग और अन्य सिविल कार्य आधुनिक मशीनों की मदद से तय समय में पूरे किए जा रहे हैं. परियोजना पूरी होने के बाद मध्य प्रदेश और गुजरात के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा, जिससे यात्रियों को तेज और बेहतर रेल सेवाएं मिलने के साथ माल परिवहन तथा क्षेत्र के औद्योगिक और आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी.

संभागायुक्त ने आईडीए के विकास कार्यों की समीक्षा की

इंदौर. संभागायुक्त भास्कर लक्षकार की अध्यक्षता में मंगलवार को आईडीए के तकनीकी विभाग, नियोजन विभाग एवं संपदा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.

बैठक में आईडीए के सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े, नगर नियोजक, अधिक्षण यंत्री एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में संभागायुक्त श्री लक्षकार ने आईडीए के विभिन्न विभागों की प्रचलित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की. बैठक में आईडीए द्वारा निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज, आवास विहार, आईटी पार्क आदि विषयों पर भी चर्चा हुई.

150 साल का सफर : इंदौर-महू और इंदौर-फतेहाबाद रेलखंड ने मालवा के विकास को दी नई दिशा

नवभारत न्यूज़

इंदौर. मालवा की रेल विरासत का महत्वपूर्ण अध्याय रहे इंदौर-फतेहाबाद चंद्रावतीगंज और डॉ. अंबेडकर नगर (महू)-इंदौर रेलखंड ने 150 वर्षों से अधिक का गौरवशाली सफर पूरा कर लिया है. 3 अगस्त 1876 को इस मार्ग पर पहली बार रेल संचालन शुरू हुआ था. तब से यह रेलखंड मालवा क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार बना हुआ है.

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के अनुसार, लगभग डेढ़ सदी पहले शुरू हुए इस रेलमार्ग ने मालवा को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई. व्यापार, कृषि, उद्योग और यातायात को गति देने के साथ-साथ इस रेलखंड ने क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया. करीब 21 किलोमीटर लंबे महू-इंदौर और लगभग 40 किलोमीटर लंबे फतेहाबाद चंद्रावतीगंज-इंदौर मीटर गेज रेलखंड को समय के साथ भारतीय रेलवे ने ब्रॉड गेज में परिवर्तित किया. इसके साथ ही आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली, बेहतर परिचालन व्यवस्था और यात्री सुविधाओं का विस्तार कर इसे वर्तमान जरूरतों के अनुरूप विकसित किया गया. आज यह रेलखंड पश्चिम रेलवे के प्रमुख मार्गों में शामिल है और प्रतिदिन हजारों यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और विश्वसनीय रेल सेवा उपलब्ध करा रहा है. रतलाम मंडल का कहना है कि ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ आधुनिक रेल अवसंरचना के विकास, सुरक्षित संचालन और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर लगातार कार्य किया जा रहा है, ताकि भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें. रेलवे अधिकारी के अनुसार, यह रेलमार्ग केवल परिवहन का साधन नहीं रहा, बल्कि मालवा के आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन का साक्षी भी है. 150 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा के बाद अब इसे आधुनिक तकनीक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से सशक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

बिजली कंपनी के मुख्य अभियंता ने राजमोहल्ला जोन का किया निरीक्षण

उपभोक्ताओं से की सीधी चर्चा

नवभारत न्यूज़

इंदौर. मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, इंदौर के मुख्य अभियंता राजेश जैन ने मंगलवार को राजमोहल्ला जोन का निरीक्षण कर विद्युत सेवाओं और राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों एवं अन्य उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की जानकारी ली.

मुख्य अभियंता ने लाभार्थियों से योजना के क्रियान्वयन और सेवा गुणवत्ता को लेकर फीडबैक प्राप्त किया. उपभोक्ताओं ने कंपनी द्वारा दी जा रही सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया. निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने फ्यूज कॉल शिकायतों के निराकरण, राजस्व संग्रहण तथा अन्य परिचालन गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र सिंह भदौरिया एवं राजमोहल्ला जोन प्रभारी विशाल वर्मा को प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित सभी ऊर्जा संबंधी सेवाओं का निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए.

एक नजर में — ब्रह्माकुमारीज के 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का उद्घाटन ज्ञानशिखर में सम्पन्न

आधुनिक भारत का निर्माण नशामुक्त चरित्रवान युवाओं के योगदान से संभव

इंदौर . प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मेडिकल प्रभाग द्वारा चलाए जा रहे 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में संपन्न हुआ.

इस अवसर पर इंदौर जोन की क्षेत्रीय निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा के अंतर्गत ब्रह्मकुमारीज के मेडिकल प्रभाग और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा नेशनल नारकोटिक्स ब्यूरो के साथ हुए एम ओ यू के अंतर्गत 4 वर्षों से 36 नशामुक्ति वाहनों द्वारा नशामुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है. वर्तमान में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका रही दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 10 करोड़ नशामुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान 6 से 20 अगस्त तक चलाया जा रहा है. आधुनिक भारत का निर्माण केवल ऊंची इमारतें, साधनों आदि से नहीं अपितु नशामुक्त चरित्रवान युवाओं के योगदान से संभव है. आज देश भर में 65% युवा व्यसन के शिकार होकर मार्ग से भटक गए हैं.

दृढ़ इच्छा शक्ति से पा सकते हैं नशे से मुक्ति

एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर अरविंद घनघोरिया ने कहा कि कोविड के बाद बहुत लोगों की मृत्यु हुई उसका मुख्य कारण नकली शराब जो लोगों के लिवर को डेमेज कर रही है . इसके लिए ध्यान देना है कि शराब की लत लगने ही नहीं देना है . क्राइम ब्रांच के एडिशन पुलिस कमिश्नर राजेश दंडोतिया ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक अदम्य शक्ति है जो उसे नशे से मुक्त कर सकती है . सिर्फ उस शक्ति को जागृत करना है . राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कमेटी के अध्यक्ष डॉ . दिलीप आचार्य ने कहा कि नशा किसी भी प्रकार का हो पूरे शरीर को खोखला कर देता है . दृढ़ इच्छा शक्ति से भी नशे से मुक्ति पा सकते हैं .पहले चरण के मतदान के बाद 19 अप्रैल से घोषणापत्र को एक नया कद मिल गया है . धन्यवाद, प्रधान मंत्री .उन्होंने आगे कहा जिन राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान हुआ, वहां से खबरें कांग्रेस के लिए बेहद उत्साहजनक हैं . केरल में यूडीएफ के 2019 का शानदार प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद है . कर्नाटक की 14 सीटों पर कल मतदान हुआ और कांग्रेस 2019 के अपने स्कोर में काफी सुधार करेगी . राजस्थान में कांग्रेस कई सीटें जीतेगी . सभी 25 सीटें भाजपा के पास हैं और अच्छे स्कोर के साथ कांग्रेस वहां वापसी करेंगी .

जागने का अर्थ नेत्र खोलना नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करना है : आचार्य नित्यसेनसूरीश्वर

इंदौर . केशरी वाटिका में आयोजित चातुर्मासिक प्रवचनमाला में आचार्य विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अनादिकाल से जीव अनन्त संसार में भटक रहा है, क्योंकि वह आत्मचिंतन नहीं करता . जब मनुष्य यह विचार करना प्रारम्भ करेगा कि वह कहाँ से आया है और उसे कहाँ जाना है, तभी उसके जीवन का वास्तविक लक्ष्य स्पष्ट होगा और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होगा .

आचार्यश्री ने कहा कि चार गतियों में मनुष्य जन्म सर्वोत्तम है, अत: शेष जीवन भगवान महावीर की वाणी को आचरण में उतारकर आत्मकल्याण में लगाना चाहिए . जागने का वास्तविक अर्थ केवल नेत्र खोलना नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करना है . चिंता छोड़कर आत्मस्वरूप का चिंतन करें . आचार्य सिद्धरत्न विजय ने अपने प्रवचन में कहा कि जन्म-मरण के अनन्त चक्र का मूल कारण अज्ञान है . उन्होंने कहा कि अनन्त काल से जन्म-मरण का यह क्रम चलता आ रहा है, इसलिए मनुष्य जीवन को भोग-विलास में नहीं, बल्कि तप, धर्म और आत्मकल्याण में लगाना चाहिए . आचार्य विद्वदरत्न विजयजी धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो सोवत है सो खोवत है, जो जागत है सो पावत है .